राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्
द्वितीय व तृतीय तल, ब्लॉक–5, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।
SWSHE
फोन नं: 0141–2708487 E-Mail:- swshecell@hotmail.com फैक्स नं: 0141–2708487

क्रमांक : F.5 (4) (134)/RCEE/SWSHE/SBSV Act./2017/5948 दिनांक : 23/08/17

जिला शिक्षा अधिकारी प्रा.शि.एवं मा.शि.
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
एस.एस.ए./आर.एम.एस.ए.
समस्त जिले

विषयः समस्त राजकीय विद्यालयों में 1 से 15 सितम्बर 2017 तक स्वच्छता पखवाडा आयोजित करने के क्रम में

सन्दर्भः 1. संयुक्त शासन सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार का पत्रांक D.O.No. F.27-8/2014-EE.16 दिनांक 19 मई 2017

2. निदेशक, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार का पत्रांक No. F.27-8/2014-EE.16 दिनांक 01 अगस्त 2017

उपरोक्त विषयान्तगर्त एवं भारत सरकार के सन्दर्मित पत्रों के क्रम में लेख है कि प्रत्येक राजकीय विद्यालय में 1 से 15 सितम्बर 2017 तक स्वच्छता पखवाडा का आयोजन किया जाना है। जिसके क्रम में आपको पूर्व में पत्र क्रमांक F.5(4)(134)/ RCEE/SWSHE/ SBSV Act./2017/2441 दिनांक 05/06/2017 द्वारा निर्देशित किया गया था। विद्यालयों में स्वच्छता पखवाडा के दौरान आयोजित की जानेवाली गतिविधियों का दिवसवार विवरण निम्नानुसार है:–

➢ दिनांक 01 सितम्बर 2017 (शुक्रवार)

**स्वच्छता शपथ दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के प्रथम दिन दिनांक 01 सितम्बर 2017 को विद्यालय में स्वच्छता शपथ दिवस आयोजित किया जाये। इसमें विद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं सहित संस्था प्रधान, समस्त शिक्षक/शिक्षिका एवं अन्य सहयोगी कर्मचारी भी भाग लेगें।
- विद्याालय में कक्षावार स्वच्छता अभ्यास का आयोजन किया जाये जिसके तहत प्रत्येक छात्र–छात्रा व्यक्तिगत/विद्यालय/सामुदाय/घर की स्वच्छता के लिए शपथ ले।

➢ दिनांक 02 सितम्बर 2017 (शनिवार)

**स्वच्छता जागरुकता दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के दूसरे दिन दिनांक 02 सितम्बर 2017 को विद्यालय में एस.एम. सी/पी.टी.ए या शिक्षक–अभिभावक मिटिंग का आयोजन किया जाये जिसमें साफ–सफाई एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तृत चर्चा की जाए। साथ हीं बच्चों एवं शिक्षको को विद्यालय एवं घर में स्वास्थयप्रद एवं स्वच्छता का वातावरण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जायें।

www.rajteachers.com

- छात्र–छात्राओं को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में स्वच्छता के बारे में जानकारी प्रदान की जाए।
- विद्यालय में स्वच्छता के विषय पर कक्षावार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाए।

➢ **दिनांक 03 सितम्बर 2017 (रविवार)**
**साफ–सफाई, मरम्मत एवं योजना दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के तीसरे दिन दिनांक 03 सितम्बर 2017 को विद्यालय शिक्षकों द्वारा विद्यालय में स्वच्छता संबंधी सुविधाओं (शौचालय, मूत्रालय, कूडादान, पानी की टंकी/टांका इत्यादी) का निरीक्षण किया जाये और आवश्यकतानुसार किसी भी प्रकार की मरम्मत व नये निर्माण के लिए प्रोपोजल/योजना बनायी जाए।
- विद्यालय संस्था प्रधान द्वारा शिक्षक, छात्र–छात्रा व समुदाय की मदद से बडे स्तर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जावें। जिसके तहत शौचालय की साफ–सफाई, मिड डे मील किचन, कक्षा–कक्ष, खिडकी, पानी की टंकी/टांका, विद्यालय परीसर एवं आस–पास के क्षेत्र की साफ–सफाई का आयोजन किया जाए।

➢ **दिनांक 04 सितम्बर 2017 (सोमवार)**
**हरित विद्यालय अभियान**

- स्वच्छता पखवाडा के चौथे दिन दिनांक 04 सितम्बर 2017 को समस्त विद्यालय संस्था प्रधान अपने विद्यालय में दो प्रकार के कूडेदान (ब्लू और हरे रंग) उपलब्ध करवाएँ। ब्लू रंग के कूडेदान में उन वस्तुओ को डाला जाए जिनको पुनः चक्रित (रिसाईकल) किया जा सके तथा हरे रंग के कूडेदान में उन वस्तुओ को डाला जाए जिनको पुनः चक्रित (रिसाईकल) नहीं किया जा सके। इस प्रक्रिया द्वारा छात्र–छात्राओं को अपशिष्ट के वर्गीकरण के बारे में समझाए।
- विद्यालय में पौधे लगाए तथा शौचालय उपयोग एवं हाथ धोने के उपरान्त के बेकार पानी का उपयोग पौधों को विकसित करने में किया जाए।

➢ **दिनांक 05 सितम्बर 2017 (मंगलवार)**
**स्वच्छता सहभागिता दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के पॉचवे दिन दिनांक 05 सितम्बर 2017 को स्वच्छता सहभागिता दिवस जिला/ब्लॉक/कलस्टर स्तर पर मनाया जाए। जिसके तहत विद्यालय/कार्यालय परिसर एवं शौचालय को सबकी सहभागिता से स्वच्छ, साफ–सुथरा एवं व्यवस्थित रखा जाए।
- विद्यालय संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सम्बन्धित विषय पर निबन्ध/प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, वाद–विवाद, स्वच्छता मेला तथा कविता/नारा लेखन का आयोजन किया जाए।

➢ **दिनांक 06 सितम्बर 2017 (बुधवार)**
**नाखुन सफाई दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के छठे दिन दिनांक 06 सितम्बर 2017 को छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा नाखुन सफाई दिवस मनाया जाए। जिसके तहत विद्यालय संस्था प्रधान समेत समस्त छात्र–छात्रा, शिक्षक/शिक्षिका एवं अन्य कर्मचारी नाखुन काटेंगें तथा साफ करेंगे।
- इस दिवस पर विद्यालय संस्था प्रधान अपने निर्धारित नियमानुसार विद्यालय सम्पतियों का रिकार्ड इन्द्राज करवाकर सभी प्रकार की बेकार वस्तुओं यथा टूटा फर्नीचर,

www.rajteachers.com

अनुपयोगी औजार, बेकार सामग्री इत्यादी को विद्यालय परिसर से हटवाना सुनिश्चित करें।

- **दिनांक 07 सितम्बर 2017 (गुरुवार)**
  **हाथ धुलाई दिवस**
  - स्वच्छता पखवाडा के सातवें दिन दिनांक 07 सितम्बर 2017 को शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा छात्र–छात्राओं को साबुन से हाथ धोने की प्रकिया से अवगत करावें तथा उन्हें मिड डे मील से पूव एवं शौचालय के उपयोग उपरान्त साबुन से हाथ धोने को प्रेरित करें।
  - विद्यालय संस्था प्रधान समेत समस्त शिक्षक/शिक्षिका एवं छात्र–छात्रा संगठित होकर स्वच्छता पखवाडा के उद्वेश्य का समुदाय के बीच प्रचार प्रसार करेंगे।
- **दिनांक 08 सितम्बर 2017 (शुक्रवार)**
  **व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस**
  - स्वच्छता पखवाडा के आठवें दिन दिनांक 08 सितम्बर 2017 को संस्था प्रधान द्वारा विधालय में आडियो विडियो कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे समस्त छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को जानकारियॉं प्रदान की जाए।
  - स्वच्छता व साफ–सफाई का व्यक्तिगत स्वास्थ्य व सामुदायिक स्वास्थ्य पर पडने वाले अच्छे प्रभावों से छात्र–छात्राओं को अवगत कराए तथा स्वच्छता सम्बन्धित सामग्री यथा पोस्टर, किताबे, ब्रोशर भी प्रदर्शित किए जाए।
- **दिनांक 09 सितम्बर 2017 (शनिवार)**
  **शौचालय जागरुकता दिवस**
  - स्वच्छता पखवाडा के नौवें दिन दिनांक 09 सितम्बर 2017 को संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय में शौचालय जागरुकता दिवस मनाया जाए। जिसके तहत छात्र–छात्राओं को शौचालय उपयोग के फायदों के बारे में बताये।
  - इस दौरान विद्यालय स्वच्छता को एस.एम.सी की मिटिंग के एजेन्डे में सम्मिलित कर स्वच्छता संबंधी विषयो पर SMC सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की जाए तथा विद्यालय में स्वच्छता की कार्ययोजना बनायी जाए।
  - विद्यालय में उपलब्ध हाथ धोने कि सुविधा से निकले बेकार पानी का पौधो में निस्तारण किया जाए।
- **दिनांक 10 सितम्बर 2017 (रविवार)**
  **सामुदाय जागरुकता दिवस**
  - स्वच्छता पखवाडा के दसवें दिन दिनांक 10 सितम्बर 2017 को संस्था प्रधान द्वारा छात्र–छात्राओं, शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं अपने आस पास सामुदाय के माध्यम से स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाए तथा छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा कागज के बोर्ड में स्लोगन लिख कर आस–पास के क्षेत्र में स्वच्छता संदेश से सामुदाय को जागरुक किया जाए।
- **दिनांक 11 सितम्बर 2017 (सोमवार)**
  **विद्यालय स्वच्छता प्रर्दशनी दिवस**
  - स्वच्छता पखवाडा के ग्यारहवें दिन दिनांक 11 सितम्बर 2017 को विद्यालय में स्वच्छता गतिविधियों के फोटोग्राफ, चित्रकला, कार्टुन्स, स्लोगन इत्यादी को विद्यालय परिसर में प्रदर्शित किया जाए। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं के अभिभावक व समुदाय के लोगो को प्रर्दशनी को देखने के लिए आमंत्रित किया जाए।

www.rajteachers.com

- सोशल मिडीया, इलैक्ट्रोनिक बैनर के माध्यम से स्वच्छता अभियान का प्रचार प्रसार किया जाए।
- स्वच्छता पखवाडा सम्बन्धित गतिविधियों का जिला स्वच्छता शाखा द्वारा दस्तावेजीकरण किया जाए।
- स्थानीय स्तर पर विद्यालय स्वच्छता सुविधाओं में चित्रकारी करवा कर स्थानीय कल्चर का प्रचार प्रसार किया जाए।

➢ **दिनांक 12 सितम्बर 2017 (मंगलवार)**

**स्वच्छ जल दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के बारहवें दिन दिनांक 12 सितम्बर 2017 को स्वच्छ जल दिवस मनाया जाये जिसके अन्तर्गत निम्नानुसार गतिविधियों का आयोजन किया जाए:–
- जल संचयन के साधन टंकी/टांका/मटकी इत्यादी का निरीक्षण किया जाए
- विद्यालय मे सामुदायिक सहभागिता से स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाए
- विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को जल संग्रहन स्रोत (टंकी/टांका आदी) संचयन के निरीक्षण के तरीको से अवगत कराए
- छात्र–छात्राओं को जल में कार्बनिक/अकार्बनिक पदार्थो से होने वाले प्रदूषण तथा गंदगी के कारण दूषित जल से होने वाली बीमारियों से अवगत कराए तथा उन्हे साफ एवं सुरक्षित जल के उपयोग के लिए प्रेरित करें।

➢ **दिनांक 13 सितम्बर 2017 (बुधवार)**

**जल संरक्षण दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के तेरहवें दिन दिनांक 13 सितम्बर 2017 को जल संरक्षण दिवस के रुप में मनाया जाए जिसके तहत छात्र–छात्राओं को जल संरक्षण संबंधी जानकारियॉ प्रदान की जाए।
- छात्र–छात्राऐं, एवं शिक्षक/शिक्षिका साथ मिलकर विद्यालय में सरल जल संरक्षण एवं संग्रहण के उपायों पर चर्चा करें।

➢ **दिनांक 14 सितम्बर 2017 (गुरुवार)**

**पत्र लिखाई दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के चौदहवें दिन दिनांक 14 सितम्बर 2017 को संस्था प्रधान द्वारा छात्र–छात्राओं के माध्यम से सरपंच व एस.एम.सी सदस्य को विद्यालय परीसर व शौचालय के मरम्मत के लिए पत्र लिखा जाए।
- छात्र–छात्रा अपने अभिभावक को पिछले 13 दिन में विद्यालय में स्वच्छता सम्बन्धित की गई गतिविधियों से जो नई जानकारियां प्राप्त की उनकी जानकारी देते हुए स्वच्छ परिवेश विकसित करने में अभिभावको से अपेक्षा पर पत्र लिखें संस्था प्रधान विद्यालय से एक सर्वश्रेष्ठ पत्र की प्रति जिला शिक्षा अधिकारी को एवं जिला शिक्षा अधिकारी जिले के तीन सर्वश्रेष्ठ पत्रों को रा. प्रा. शि. प. की swshe cell को भिजवाएगें।

➢ **दिनांक 15 सितम्बर 2017 (शुक्रवार)**

**सरकारी सभा दिवस**

- स्वच्छता पखवाडा के पंद्रहवें दिन दिनांक 15 सितम्बर 2017 को संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय में स्वच्छता सम्बन्धित की गई गतिविधियों के फोटोग्राफ, बच्चो द्वारा दी गई संदेशो को एक पुस्तक तैयार कर उसमें पेस्ट किया जाए। विद्यालय संस्था प्रधान इस

www.rajteachers.com

प्रक्रिया में समस्त छात्र–छात्राओं की भागीदारी को सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक छात्र–छात्रा द्वारा एक पेज "स्वच्छता अनुभवों" के बारे में लिख जाना सुनिश्चित करें।

- स्वच्छता पखवाडा के आखीरी दिन समस्त संस्था प्रधान स्वच्छता पखवाडा से संबन्धित कि गई गतिविधीयों को समेकित कर तथा स्वच्छता के लिए किए गये बेहतर कार्यो से जिला व राज्य स्तर को फोटोग्राफ, चित्रकला, निबंध, दस्तावेज, ब्राउशर इत्यादी की सॉफ्ट व हार्ड कापी के माध्यम से सूचित करें ।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है सम्बन्धित को निर्देशित कर दिवस वार कैलैन्डर से विद्यालयों को अवगत करावें तथा स्वच्छता पखवाडा सम्बन्धित समस्त गतिविधीयों का आयोजित होना तथा सम्बन्धित गतिविधियों के फोटोग्राफ, विडियोज को रा.प्रा.शि.प. की swshe cell को ई मेल swshecell@hotmail.com पर अनिवार्य रुप से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

(डॉ.जोगा राम)
आयुक्त, रा.प्रा.शि.प

प्रतिलिपी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. निजी सचिव, संयुक्त सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शास्त्री भवन नई दिल्ली– 110115
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर
3. निजी सचिव, आयुक्त, राप्राशिप/रामाशिप, जयपुर को IDMS के प्रकरण संख्या 870 दिनांक 21/08/2017 को निस्तारित करने हेतु
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा बीकानेर
5. अतिरिक्त परियोजना समन्वयक, SSA जिला–समस्त जिले
6. रक्षित पत्रावली

22/8/17

(गिरीश भारद्वाज)
हाईजीन अधिकारी

www.rajteachers.com